तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11

मां दुर्गा की भक्ति में डूबा अंचल, पंडालों में गूंज रहे माता के जयकारे



नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

जिले में रोजगार मेला कल, 348 पदों पर होगी सीधी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार के माध्यम से शासकीय आईटीआई सकरी में 14 अक्टूबर 2026 बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में कुल 348 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में नियोजक प्रेम प्रकाश फुड भाटापारा द्वारा एकाउंटेंट के 02 पद, सुपरवाइजर के 3 पद, लैब तकनीशियन के 2 पद, फेबरीकेटर के 02 पद, लेबर के 10 पद, मैनेजर के 1 पद, एच.आर. एक्जीक्यूटीव के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 5वीं से उच्च, उम्र 18 से 45 वर्ष, अनुभव 0-3 वर्ष, वेतन पदानुसार 10 हजार से 35000 हजार रुपए, कार्यक्षेत्र भाटापारा होगा। होटल राज रेसिडेंसी भाटापारा द्वारा रिसेप्शनिस्ट के 2 पद, हाऊस किपिंग स्टाफ के 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता 5वीं से उच्च, उम्र 20 से 45 वर्ष, अनुभव 0-02 वर्ष, वेतन 10 हजार से 35 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र भाटापारा होगा। एबी एंटरप्राइजेज महासमुंद द्वारा बिजनेस एसोसिएट के 15 पद, उम्र 18 से 35 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से उच्च, वेतन 10 हजार से 30 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बागबाहरा होगा। टेलेंट क्राफ्ट सॉल्यूशन प्रा.लि. पुणे महाराष्ट्र द्वारा अप्रेंटिस ट्रेनी के 50 पद, शैक्षणिक शेष पेज 11 पर

शासकीय आईटीआई सकरी में सात कंपनियों द्वारा होगी भर्ती



आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज

रोजगार मेला में भाग लेने के लिए आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य हैं। इच्छुक आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प या वेबसाईट के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन एवं रोजगार के लिए आवेदन कर रोजगार मेंला में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति, रोजगार पंजीयन, जाति, निवास, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

महिला सुरक्षा और जवाबदेही की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच पर दिया जोर

जेएनयू घटना के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में महिला छात्राओं के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर जिला भाजपा महिला मोर्चा ने बलौदाबाजार में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय से पैदल रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की जवाबदेही का मुद्दा उठाते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने की मांग की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पितृसत्ता समाप्त करने संबंधी विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं से जुड़े गंभीर आरोपों के मामलों में कांग्रेस नेतृत्व को अपनी जवाबदेही स्पष्ट करनी चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता वर्मा ने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। आरोप किसी पर भी हों, निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पीड़ित छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के लिए आवाज उठाता रहेगा।



मामलों में पारदर्शिता बरतने पर दिया बल

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव एवं महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलम सोनी ने भी महिला सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर विचार रखे। उन्होंने ऐसे मामलों में संवेदनशीलता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री गीता अग्रवाल ने आयोजन में सहयोग देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, टेसूलाल धुरंधर, धनंजय साहू, नरेश केशरवानी, रितेश श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी,अनुपम बाजपेयी, रवि वर्मा एवं राकेश ध्रुव सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मणिकांत मिश्रा, राजेश वर्मा, महेंद्र साहू, योगेश अग्रवाल, दीपक नेगी, मंजू सोनी, रेखा पटेल, लता टंडन, कल्पना पवार, त्रिवेणी साहू, लक्ष्मी नारायण वर्मा और तिलेश्वर वर्मा सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी, वरिष्ठ महिला नेत्रियां एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में साक्षी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के कक्षा 8वीं की छात्रा साक्षी निषाद का स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में चयन होने से खेल प्रेमियों में हर्ष का वातावरण है। वह नवापारा निवासी लोकेश निषाद की पुत्री है, जो रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस विषय में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि 13 नंबर से 16 नवंबर तक कबीरधाम में उक्त प्रतियोगिता आयोजित है जिसमे पांचो संभागों के 14 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 200 बालक-बालिकाएं खेल जौहर दिखाएंगे, उक्त उपलब्धि पर ओलंपिक संघ बलौदाबाजार के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर ने कहा कि सिमगा ब्लॉक में नवापारा खेल गांव के रूप में उभर रहा है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए ओलंपिक संघ हर संभव सहायता देने तत्पर है। इस उपलब्धि के लिए सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, नवापारा सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर सिंह वर्मा, शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, महेश शुक्ला और पार्षद सचिन जैन सहित समस्त ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त की।



खबर संक्षेप

तीन सवारी और बिना हेलमेट चलाने वालों के कटे चालान



बगबुड़ा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई की। पुलिस थाना लवन के सामने तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने और बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के चालान काटे गए। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है। दोपहिया वाहन चालकों से अपील की गई कि वे हेलमेट पहनें, निर्धारित नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय सुरक्षा को प्राथमिकता देना। जिसमें 06 ई चालान का कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस थाना प्रभारी राहुल मिरी, मोहित लाल मलिक एस आई, अस्द खान मुंशी, विरेन्द्र कुमार साहू आरक्षक उपस्थित रहे।

जिला परिवहन कार्यालय अब नए भवन में संचालित

बलौदाबाजार। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय अब नव निर्मित कार्यालय में संचालित हो रहा है। यह कार्यालय ग्राम परसाभदेर मिशन, बाईपास रोड में स्थित है।

राइस मिल से बिजली तार की चोरी

महासमुंद। पिथौरा के पोटापारा स्थित राइस मिल से इलेक्ट्रिक वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पोटापारा स्थित उसके व्हाइट गोल्ड राईस मिल से 30/09/2026 को 8 बजे से 03/10/2026 के सुबह 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक केबल 300 मीटर कीमत करीबन 60000 रुपए की चोरी कर ली।

9 संदिग्ध व शराब तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



बलौदाबाजार। पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय के कुशल निर्देशन में आगामी दुर्गोत्सव पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसी परिपालन में 12 अक्टूबर को थाना सुहेला द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बाधित करने वाले तथा पूर्व वर्षों में नवरात्रि पर्व के दौरान गंभीर अपराध घटित करने वाले संदिग्ध व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने की शिकायतों पर शेष पेज 11 पर

गांजा तस्करी के मुख्य नेटवर्क का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय के कुशल निर्देशन, में जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री तथा उनके स्त्रोत का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवन पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए आरोपी जयप्रकाश कुर्रे से पूछताछ के आधार पर गांजा तस्करी के मुख्य नेटवर्क का खुलासा करते हुए 2 अन्य आरोपियों



को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। मामले का विवरण एवं पुलिस की धरपकड़ पूर्व में थाना लवन पुलिस द्वारा आरोपी जयप्रकाश कुर्रे के कब्जे से कुल 8.718 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर विधिवत कार्रवाई की गई थी। मामले में गहराई से विवेचना करते हुए गांजा तस्करी के स्त्रोत का पता लगाया गया। गिरफ्तार आरोपी जयप्रकाश कुर्रे से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह ओडिशा से गांजा मंगवाता था, जिसमें सहयोग करने के लिए स्थानीय आरोपी जागेश्वर उर्फ नानू रात्रे एवं अर्जुन शेष पेज 11 पर

असनींद में जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

थाना कसडोल क्षेत्र के ग्राम असनींद स्थित खलखलहा नाला के पास जुआ खेल रहे छह आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 17,100 नगद, चार मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल तथा 52 ताश पत्ती सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 17 हजार 100 रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा श्री गौरव राय के निर्देशन में जिले में जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को थाना कसडोल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम असनींद के खलखलहा नाला के पास कुछ लोग रुपये का दांव लगाकर काटपत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद कसडोल पुलिस की टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने मौके से छह लोगों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा रुपये का दांव लगाकर जुआ खेलने की बात सामने आने पर उनके कब्जे से नगदी, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और ताशपत्ती जब्त की गई। पुलिस शेष पेज 11 पर

महिला के लिए देवदूत बनी पुलिस और स्वास्थ्य टीम, मां-बेटी सुरक्षित

चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा, तिल्दा अस्पताल में जन्मी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

सफर के दौरान प्रसव पीड़ा से जूझती महिला ने तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का पता नहीं चलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मां-बेटी की देखभाल की जिम्मेदारी निभाई। अब दोनों को रायपुर के शंकर नगर स्थित नारी निकेतन में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, 4 अक्टूबर को कुर्ला एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद उसे तिल्दा रेलवे स्टेशन पर उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसने सामान्य प्रसव से बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद मां और नवजात को पांच दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया।





कई विभागों ने मिलकर निभाई जिम्मेदारी

इस पूरे मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भाटापारा जीआरपी, और स्वास्थ्य विभाग ने समन्वय के साथ कार्य किया। अधिकार मित्र नव्या साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. आशीष सिन्हा, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. उमा पैकरा और अस्पताल के कर्मचारियों ने मां-बेटी की देखभाल में सहयोग दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव के मार्गदर्शन में की गई इस पहल के तहत मां और नवजात को रायपुर के शंकर नगर स्थित नारी निकेतन पहुंचाया गया, जहां उनके संरक्षण और आगे की देखभाल की व्यवस्था की गई है। यह घटना संकट की घड़ी में मानवीय संवेदना और विभागीय समन्वय की अहमियत को सामने लाती है। अनजान सफर में प्रसव पीड़ा से शुरू हुआ यह कठिन दौर अब मां और नवजात के लिए सुरक्षित आश्रय मिलने के साथ राहत की दिशा में आगे बढ़ा है।

मुंबई में परिजनों की तलाश, नहीं मिला सुराग

महिला की देखभाल और उसके परिजनों का पता लगाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर की अधिकार मित्र नव्या साहू ने उससे बातचीत की। इस दौरान महिला ने स्वयं को मुंबई के आरे क्षेत्र का निवासी बताया। इसके बाद आरे पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी से संपर्क कर परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। हालांकि, वहां महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होने की जानकारी मिली। परिजनों का पता नहीं चलने के कारण मां और बच्ची की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की गई।

पोल्ट्री फार्म के पास जुआ खेल रहे 12 आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में जुआ एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 11 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सारागांव ग्वाला पोल्ट्री के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर ताश पत्ती से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे है, कि सूचना पर तस्दीक के लिए थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गठित विशेष टीम के साथ संयुक्त रुप से मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर गोलू यादव, राजा साहू, डिगेश्वर वर्मा, मूलचंद साहू, शत्रुघन वर्मा, 6 नारायण चन्द्रकार, दीपक मानिकपुरी, अभय सिंह, राजू सोनी शेष पेज 11 पर



खबर संक्षेप



सेन समाज के ईश्वर बने जिला महामंत्री

भाटापारा। छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व सेन (नाई) समाज में जिला महामंत्री, के पद पर ईश्वर सेन को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन एवं प्रदेश सचिव भूवनलाल कौशिक के अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष बसंत श्रीवास द्वारा दायित्व प्रदान किया गया। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर कहा समाज ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। समाज की एकता, सम्मान, संगठन एवं विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

नयापाराकला में दुर्गा मूर्तियों की हुई स्थापना

अरंड (पिथौरा)। ग्राम नयापाराकला में मां दुर्गा के मूर्तियां स्थापित की गई है। आदर्श दुर्गा उत्सव समिति नयापारा कला, ग्राम के सरपंच शशि दीवान, उपसरपंच अग्नीबाई ध्रुव, गंगाराम दीवान, देवी सिंह ध्रुव, फगुनू बरिहा, ज्योति कलश अध्यक्ष विभीषण बरिहा, शालित राम बरिहा, कुशाल सिंह ध्रुव, सचिन हरिशंकर बरिहा, चोवालाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष देव कुमार दीवान, चंद्रहास बरिहा, सुरेश दीवान, तोषण ध्रुव, नरेंद्र जिंदल, सोनू राम दीवान, मनीष मिश्रा, सोन व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

निधन

तिलक राम साहू



पलारी। ग्राम सकरी (स) निवासी तिलक राम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे लीलक राम साहू, भुनेश्वर साहू के भाई, यशवंत रोशन के पिता, रवि शंकर मनीष, लकेश के चाचा, महेंद्र (मोनू) साहू जिला पंचायत सदस्य के बड़े पिता थे।

ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने जिला पंचायत सीईओ का सघन मैदानी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में ग्रामीण विकास कार्यों को गति प्रदान करने, जल संरक्षण एवं संवर्धन गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत श्रमिकों को मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने सोमवार विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन मैदानी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत रिसदा में गौठान परिसर स्थित नवीन सामुदायिक तालाब निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसी क्रम में जनपद पंचायत पलारी के ग्राम पंचायत सैहा में दो कच्ची सिंचाई नालियों के निर्माण कार्यों तथा धान चबूतरा निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत गाड़ाभाठा में गौठान के समीप नवीन सामुदायिक तालाब निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। वीबी-जीरामजी योजनांतर्गत ग्रामीण परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। वीबी-जीरामजी अंतर्गत मांग आधारित श्रमिक नियोजन और विकास कार्यों की सतत निगरानी के माध्यम से ग्राम पंचायतों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सीईओ ने निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा



स्थायी परिसंपत्तियों का सृजन

श्रमिकों की मांग के अनुरूप समयबद्ध रोजगार उपलब्ध कराने, ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त श्रममूलक कार्य प्रारंभ करने तथा अधिकाधिक श्रमिकों का नियोजन सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही जल संरक्षण, तालाब निर्माण एवं सिंचाई नालियों जैसे श्रमप्रधान कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी एवं उपयोगी परिसंपत्तियों के सृजन पर बल दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार सृजन, जल संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं स्थायी ग्रामीण परिसंपत्तियों के विकास को समन्वित रूप से प्राथमिकता दी जा रही है।

जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जिपं अध्यक्ष नवीन अग्रवाल का ग्राम भ्रमण अभियान

जनसेवा ही हमारा संकल्प, जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05, रायपुर में विशेष जनसंपर्क एवं ग्राम भ्रमण अभियान की पहल की है। इस अभियान के अंतर्गत गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है, ताकि उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके। अभियान के प्रथम दिवस विधायक श्री अनुज शर्मा के साथ ग्राम मांठ में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इसके पश्चात जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण शिविर का अगला पड़ाव ग्राम तिल्दाडीह रहा, जहां ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं विकास से जुड़े विषयों की जानकारी ली गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।



अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाना ही लक्ष्य

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते आम जनता के बीच पहुंचना, उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनचौपाल का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि उनके निराकरण के लिए प्रभावी पहल करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो। यह जनसंपर्क अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक गांव तक विकास की योजनाएं पहुंचें और आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच मिल सके। श्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणों का स्नेह, विश्वास और सहयोग ही जनसेवा के इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। ग्रामवासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जनहित में निरंतर समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

निरंतर जारी रहेगा जनसंपर्क अभियान

जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण अभियान के माध्यम से गांवों में जनप्रतिनिधियों की सीधी सहभागिता सुनिश्चित करने, ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अगले चरणों में भी विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में अल्प संख्यक मोर्चा एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य डॉ आमीन खान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, सभापति सरोज चंद्रवंशी, सभापति गुरू सौरभ साहेब, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, चंद्रकांत साहू, उपाध्यक्ष खरोरा मंडल छगन यादव, सरपंच विनय वर्मा गणेशिया संजय बांदे, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, शैल देवेंद्र वर्मा, यामिनी टिकेश्वर यादव, सतनाम सेना जिला अध्यक्ष पप्पू पुरैना एवं नीलम घोघरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों की उपस्थिति रही। सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जनसमस्याओं को लेकर उग्र आंदोलन करेगी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार की जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले की विभिन्न जनसमस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस आम जनता, किसानों और समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिले की बदहाल सड़कों, बिजली बिल से जुड़ी परेशानियों, पेयजल संकट तथा किसानों को खाद एवं सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर चिंता जताई। उन्होंने इन समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नए पात्र मतदाताओं और मतदाता सूची से छूट गए पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने के लिए सक्रियता से कार्य करने पर जोर दिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित करने की बात कही गई कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

ब्लॉक स्तर पर होंगी नियमित बैठकें

संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नियमित मासिक बैठकें आयोजित करने तथा स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन द्वारा समय रहते उचित कार्रवाई नहीं किए जाने पर कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेगी। बैठक में हेमचंद केशरवानी, रामकुमार साहू, सुनील साहू, लखेश साहू, लक्ष्मी साहू, अमर मिश्रा, मुकेश ठाकुर, तुलसी मनहरे, जितेंद्र नवरत्न, समीर अग्रवाल, सुनील कुर्रे, वैभव केशरवानी, सिद्धांत मिश्रा, आर्यन शुक्ला, संतोष चंद्राकर, गजपति यादव, धनेश साहू, महेंद्र डहरिया, प्रभु दयाल वर्मा, श्रद्धा मनीष वर्मा, सेवती धीवर, मनमोहन पटेल, नंदेश्वर साहू, नीलू चंदन साहू, राधिका राय, राधेश्याम वर्मा, ईश्वर चन्द्रवंशी और सरजू प्रसाद धृतलहरे सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है :-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा (हे. में)	प्रस्तावित मुआवजा (रूपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मोहन पिता दुकलहा, शमीना बाई, बंगला बाई,तारन बाई पिसरान दुकलहा गोंड़	मोहभट्ठा	380/57/	0.202	30,04,800/-	0.00	30,04,800/-

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है:-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/ भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा हे.में.)	प्रस्तावित मुआवजा (रुपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कारो बाई बेवा अमर सिंह सतनामी	मोहभट्ठा	380/62	0.202	30,04,800.00	0.00	30,04,800.00

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है:-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/ भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा हे.में.)	प्रस्तावित मुआवजा (रुपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बल्लूराम पिता कोदूराम गड़रिया	मोहभट्ठा	380/17/ड.	0.156	19,35,200.00	0.00	19,35,200.00

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है :-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/भूमि स्वागी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा (हे. में)	प्रस्तावित मुआवजा (रूपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	केशव राम पिता प्रेमलाल कुर्मी	मोहभट्ठा	375/2, 380/27	1.012	98,10,400/-	2,80,000/-	1,00,90,400/-

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है:-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/ भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा हे.में.)	प्रस्तावित मुआवजा (रुपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रमोद कुमार पिता मथुरा प्रसाद कुर्मी	मोहभट्ठा	368/4	0.405	42,26,000.00	0.00	42,26,000.00

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है :-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/भूमि स्वागी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा (हे. में)	प्रस्तावित मुआवजा (रूपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	रेखा बाई पिता भगवानदास	मोहभट्ठा	380/70	0.202	30,04,800/-	0.00	30,04,800/-

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. 202603211000056 अ/82 वर्ष 2025-26 वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 के अंतर्गत भूमि का मुआवजा पत्रक तैयार किया है, जो निम्नानुसार है :-

क्र.	प्रभावित व्यक्ति का नाम/भूमि स्वागी का नाम	ग्राम का नाम	अर्जित भूमि का ख.नं.	रकबा (हे. में)	प्रस्तावित मुआवजा (रूपये में)		
					भूमि	सम्पत्ति	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	फगुवा पिता पंचू राम गोंड़	मोहभट्ठा	380/35/क	0.303	32,87,600/-	0.00	32,87,600/-

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई दिनांक 22/10/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

आईटीआई के छात्रों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए किया प्रेरित



बलौदाबाजार। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सकरी, बलौदाबाजार में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवकुमार कंवर ने विद्यार्थियों को लघु उद्यम स्थापित करने तथा सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार एक व्यक्ति अपने कौशल, मेहनत और सही योजना के माध्यम से स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकता है। उन्होंने बैंक के माध्यम से उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बलौदाबाजार में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आरसेटी के माध्यम से अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं और प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण

बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री के सेवा संकल्प अभियान के तहत बलौदाबाजार में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश समिति के सदस्य टेसूलाल धुरंधर, नरेश केसरवानी, जिला महामंत्री विजय यादव, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा तथा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, आलोक अग्रवाल और अनुपम बाजपेयी समेत भाजपा के अन्य साथियों ने भी सहभागिता की। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, शुद्ध वायु उपलब्ध कराने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल भी आवश्यक है।

धरम लाल शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने

गिधौरी। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय शिक्षा संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 10-11 अक्टूबर को सतनाम धर्मशाला मड़वा गिरौदपुरी धाम में आयोजित किया गया था। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले जी प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे एवं समाज प्रमुखों एवं प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों से राय लेकर सर्व सम्मतिप्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। जिसमें डी एल डहरिया जी को प्रदेश अध्यक्ष उपाध्यक्ष में एस एल निराला, रामकुमार भारती बेमेतरा, एल एस जोगी, द्रोपती जोशी सचिव वेंकट रमन प्रताप सिंह पाटले अकलतरा सह सचिव एम मनहर पलारी, कार्यकारिणी सदस्य गोकुल बंजारे, रमेश नवरंगे, राजेन्द्र निराला को नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले, प्रदेश मोहन बंजारे, दिनेश बंजारे, रेशम घृतलहरे, दिनेश जांगड़े, सुशीला सोनवानी, श्याम लाल सितारे, भुवन जांगड़े, गणेश बघेल डमरू, मनहर वीरेंद्र अज्जगले सहित् ष प्रदीप श्रृंगी, अंजलि बरमल, सी पी जांगड़े ने शुभकामनाएं दिए हैं।

पलारी में नवरात्री की घूम ...









वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ माता महामाया की हो रही आराधना

मां दुर्गा की भक्ति में डूबा अंचल, पंडालों में गूंज रहे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम टोनाटार में आस्था का तालाब उमड़ रहा है। गांव के अलग-अलग पारा और चौक में आदि शक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित होने के साथ ही पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया है। दुर्गा प्रतिमा स्थापित होने के बाद दुर्गा पंडालों में सुबह से लेकर देर रात तक माता के जयकारे गूंज रहे हैं। वही कई श्रद्धालु पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार के बीच मां की आराधना में लीन है। गांव में आठ स्थानों पर आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाएं विधि विधान से स्थापित की गई है। वहीं गांव के ही महामाया मंदिर में ज्योति कलश स्थापना के साथ देवी आराधना का सिलसिला शुरू हो गया है। टोनाटार गांव में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह का माहौल बना हुआ है। कुलेश्वर पिंकू वर्मा राजेंद्र रजक पूनम रजक मेघु रजक गेंदराम वर्मा रामकुमार जायसवाल शैलेंद्र जायसवाल सहदेव रजक लिखेश साहू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डिपरा पारा, बजरंग चौक, अमली पारा, गुड़ी चौक, गौटिया पारा, शासकीय उचित मूल्य की दुकान के पास, नरवा पारा, और रामसागर पारा में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। प्रतिमा स्थापना के दौरान धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा अर्चना की गई। माता के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालु स्थलों पर पहुंच रहे हैं। गांव के विभिन्न चौक चौराहा में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना होने से नवरात्र की रौनक बढ़ गई है। वहीं नवरात्र के दूसरे दिन से ही पूजा स्थलों पर मां दुर्गा के जयकारों के बीच श्रद्धालु परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के 9 दिनों तक चलने वाली देवी आराधना को लेकर भक्तों में उत्साह बना हुआ है। देवी आराधना के इस अवसर



पर श्रद्धालु अपनी आस्था के साथ पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। 9 दिन तक मां दुर्गा की भक्ति और आराधना का यह सिलसिला जारी रहेगा।

गांव के महामाया मंदिर में भी नवरात्र के अवसर पर 14 ज्योति कलश की स्थापना की गई। मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां महामाया की आराधना की जारी है। श्रद्धालुओं के लिए यह पर्व आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का विशेष अवसर है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा कर भक्त सुख शांति और समृद्धि का कामना कर रहे हैं।

भरूवाडीह में में उमड़ रही भीड़, 15 को होगा भंडारा

भरूवाडीह। ग्राम पंचायत भरूवाडीह के पंचायत भवन परिसर में मां शीतला दुर्गा समिति द्वारा तीसरे वर्ष शारदीय नवरात्रि पूजा महोत्सव का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। आकर्षक पंडाल में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन में युवा सदस्यों के साथ महिला मंडली की विशेष सहभागिता है। महिलाएं एक समान रंग की साड़ी पहनकर पूजा में शामिल हो रही हैं। समिति अध्यक्ष धनेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खुशबू यादव सहित अन्य सदस्यों के नेतृत्व में आयोजन की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उपसरपंच भाव सिंह जांगड़े ने बताया कि मां शीतला के आशीर्वाद से लगातार तीसरे वर्ष यह महोत्सव आयोजित होना ग्राम के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर, गुरुवार को पंचमी के अवसर पर विशाल भंडारा एवं अनामिका जसगीत जगराता होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज परगनिहा, श्री सीमेंट खपराडीह के यूनिट हेड दीपेन्द्र सिंह भारद्वाज तथा सीएसआर हेड अभय प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों के शामिल होने का कार्यक्रम है। 20 अक्टूबर को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य होगा। वहीं, 21 अक्टूबर को महामाया सेवा समिति सैहा द्वारा माता रानी की विसर्जन शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर माता के दर्शन करने की अपील की है।



शबरी कुटिया की आकर्षक झांकी बनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र



खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम परसदा (क) के बजरंग चौक स्थित रुद्राक्ष राम लखन दुर्गोत्सव समिति द्वारा माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इस वर्ष शबरी कुटिया की आकर्षक झांकी में विराजमान मां दुर्गा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। समिति द्वारा पूजा पंडाल को पारंपरिक एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगे फूलों की मालाओं, सुंदर सजावट और ग्रामीण संस्कृति की झलक से सुसज्जित पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। माता की मनमोहक प्रतिमा और शबरी कोटिया की विशेष झांकी भक्तों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। नवरात्रि के दौरान भक्तजन माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। रामलखन दुर्गोत्सव समिति द्वारा बजरंग चौक में विगत 23 वर्षों से नवरात्र मां दुर्गा का मूर्ति स्थापना कर जोत जंवारा बोया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी मां दुर्गा का दिव्य दरबार सजाया गया है। रुद्राक्ष राम लखन दुर्गोत्सव समिति परसदा (क) द्वारा आयोजित यह धार्मिक आयोजन गांव में आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दे रहा है।

अनिल सोनी के निवास पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित



खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी के निज निवास पर माता रानी की भव्य मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम पूर्ण विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना के साथ ही घर में मां जगदम्बा का शुभागमन हुआ। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय एवं मंगलमय हो गया। मूर्ति स्थापना के इस पावन अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों एवं स्नेहीजनों की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे की धर्मपत्नी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने भी पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आदि शक्ति मां भवानी के चरणों में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता रानी से समस्त नगरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर अनिल सोनी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि शक्ति की उपासना, श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। मां दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। कार्यक्रम के अंत में माता रानी से प्रार्थना की गई कि उनका ममतामयी आशीर्वाद सोनी परिवार सहित समस्त नगरवासियों एवं पूरे खरोरा क्षेत्र पर सदैव बना रहे। मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली प्रदान करें।



पूजा को मिली 20 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना श्रमिक परिवारों की बेटियों को शिक्षा एवं बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में ग्राम लटुआ निवासी कु. पूजा कन्नौजे, पिता मोरध्वज कन्नौजे को श्रम विभाग के माध्यम से योजना के तहत 20,000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। पूजा ने इस राशि का उपयोग अपनी पढ़ाई में किया है। शासन से मिली इस आ र्थि क सहायता से उन्हें अपनी शै क्ष णि क जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है। यह सहयोग



उनके लिए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

पूजा कन्नौजे ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस योजना से उन्हें अपनी पढ़ाई में मदद मिली है। उन्होंने इस सहायता को अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के माध्यम से श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक सहायता देकर उनकी शिक्षा, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दी गई जानकारी

पिथौरा। कौशल विकास यात्रा पिथौरा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य आशाराम बरिहा की सहमति से विद्यार्थियों को कौशल विकास, उच्च शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विषय में जानकारी 09 अक्टूबर 2026 को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आईसेक्ट के प्रतिनिधि अब्दुल मसीद ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। आईसेक्ट के प्रवक्ता ने कहा कि कौशल विकास यात्रा 2026 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। इस अवसर पर स्थानीय आईसेक्ट श्यामलाल पटेल भी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

पैदल यात्रा कर लौटे सौरभ का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम जारा के निवासी सौरभ देवांगन ने 7 अक्टूबर 2021 से 07 अक्टूबर 2026 तक 5 सालों में अलग अलग 28 राज्यों का पैदल यात्रा लगभग 20000 किलोमीटर का सफर तय कर लौटे सौरभ देवांगन का केशला देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी मंदिर के पास भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। उनका उद्देश्य वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश एवं अलग अलग राज्यों के लोगों से मिलकर उनके कल्चर को जानना एवं वातावरण संरक्षण का संदेश देना था उन्होंने अपनी यात्रा रायपुर के तेली बांधा से शुरू कर वहीं समाप्त किया जहां पर छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका सम्मान किया और उनसे चर्चा भी की। वहीं केशला पहुंचने पर ग्राम के सरपंच मया वंशे के साथ देवांगन समाज के गणमान्य नागरिक रामचरण देवांगन, शिवलाल देवांगन, डॉक्टर रामकुमार देवांगन, राजू देवांगन, श्रवण कोटवार, गुड्डू देवांगन, शिक्षक परस देवांगन, आंगन बड़ी कार्यकर्ता राखी देवांगन, रोजगार सहायक जितेंद्र कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग मौजूद थे। यह जानकारी छत्तीसगढ़िया पत्रकार संघ के कोषाध्यक्ष एवं वार्ड 06 के केशला के पंच चंद्रशेखर देवांगन ने दिया।

पेज 9 के शेष

जिले में रोजगार ...

योग्यता 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 से 32 वर्ष, वेतन 17 हजार सात सौ रूपए से 21 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र पुणे महाराष्ट्र होगा। प्रांत एनर्जी रायपुर द्वारा एरिया सेल्स एग्जीक्यूटिव के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से उच्च, उम्र 21 से 45 वर्ष, अनुभव 0 से 2 वर्ष, वेतन 10 हजार से 20 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र आरंग होगा। फायर एंड सेफ्टी डिस्टर मनेजर प्रा.लि. भिलाई द्वारा फायर मेन के 20 पद, सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, पैकिंग स्टाफ के 25 पद, होम केयर टेकर के 50 पद, योग्यता 10वीं से उच्च, आईटीआई, डिप्लोमा उत्तीर्ण, उम्र 18 से 40 वर्ष, अनुभव 0-2 वर्ष, वेतन 10 हजार से 20 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। बाम्बे इंटेलिजेंट सिक्योरिटी .रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, उम्र 20 से 45 वर्ष, अनुभव 0 से 2 वर्ष, वेतन 15 हजार से 22 हजार रुपए, कार्यक्षेत्र रायपुर, बिलासपुर, भिलाई होगा।

9 संदिग्ध व शराब...

भी सघन दबिश दी गई। पुलिस द्वारा कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सुहेला के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को विधिवत जेल दाखिल करने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपी लक्ष्य कुमार,रोशन यादव, चन्द्र कुमार उम्र 20 वर्ष, निखिल ध्रुव उम्र 19 वर्ष, दीपक ध्रुव उम्र 20 वर्ष। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में गिरफ्तार आरोपी तुषार कौशिक उम्र 21 वर्ष, दशरथ बंजारे उम्र 27 वर्ष, रमेश धृतलहरे उम्र 39 वर्ष अन्य 01 संबंधित आरोपी सहित कुल 09 व्यक्तियों पर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गांजा तस्करी के...

चन्द्राकर शामिल थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदेही आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपियों का कृत्य एवं जप्त संपत्ति पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले दो-तीन वर्षों से मादक पदार्थ गांजा लाकर बिक्री का कार्य कर रहे थे। दोनों आरोपी से कुल 2,000 नगद एवं अन्य साक्ष्य जप्त किए गए। दोनों आरोपियों का कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पाए जाने पर दिनांक 11 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा.रही है। प्रकरण विवेचना में है।

असनींद में जुआ...

ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 388/2026 दर्ज किया है। साथ ही बीएनएसएस की धारा 170 के तहत पृथक से प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल दाखिल करने की प्रक्रिया किए जाने की जानकारी दी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में जवाहिर साहू (32 वर्ष), निवासी पिसीद, रविशंकर कैवर्त्य (33 वर्ष), निवासी असनींद, ओमप्रकाश साहू (51 वर्ष), निवासी बैंगनडबरी; रामप्रसाद वर्मा (55 वर्ष), निवासी साबर; नागेश धीवर, निवासी कसडोल; तथा बिसाहू यादव, निवासी असनींद, थाना कसडोल शामिल हैं।

पोल्ट्री फार्म के पास...

भावसिंह, एस राज, खिलेश्वर वर्मा को पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे पूछताछ करने पर जुआ में उमेश साहू नाम का व्यक्ति भी शामिल होना बताया गया। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 3,48,820 रुपए एवं 52 पत्ती ताश जब्त किया है।

सीमेंट संयंत्र से 30 स्थानीय ठेकेदारों को हटाने पर शैलेश ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी ने ग्राम रवान स्थित सीमेंट संयंत्र में करीब 30 स्थानीय ठेकेदारों को काम से हटाए जाने की कथित तैयारी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नए प्रबंधन के अधिग्रहण के बाद स्थानीय मजदूरों के रोजगार पर संकट के बाद अब ठेकेदारों की आजीविका भी प्रभावित होने की आशंका है। त्रिवेदी



ने जारी बयान में कहा कि स्थानीय ठेकेदार वर्षों से संयंत्र में सेवाएं दे रहे हैं। नियमित संचालन, मरम्मत और शटडाउन के दौरान उन्होंने अपने संसाधन, मशीनरी और पूंजी लगाकर कंपनी को सहयोग दिया है। कई ठेकेदारों ने ऋण लेकर व्यवसाय खड़ा किया है तथा उनके अधीन काम करने वाले कर्मचारियों और परिवारों की आजीविका भी इसी पर निर्भर है।

उन्होंने दावा किया कि करीब 30 स्थानीय ठेकेदारों की जगह एक ही ठेकेदार के माध्यम से काम कराने की व्यवस्था प्रस्तावित है। गुजरात की सिद्धि नामक ठेका कंपनी को काम दिए जाने की बात कहते हुए उन्होंने प्रबंधन से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। इस संबंध में कंपनी प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए 70 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में अंग्रेज़ी माध्यम की कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लगभग 70 वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक मॉडलों के माध्यम से विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में अपशिष्ट प्रबंधन, परिवहन एवं संचार, हरित ऊर्जा, दुर्घटना रोकथाम, टिकाऊ कृषि, भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, संसाधन प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, उभरती तकनीक, गणितीय मॉडलिंग, जल संरक्षण एवं प्रबंधन, सौरमंडल, पृथ्वी की संरचना एवं जलवायु, लोकतंत्र, प्राचीन एवं आधुनिक भारत तथा भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, बायोगैस, सोलर सिस्टम, इसरो, चंद्रमा की सतह, जल चक्र, सजीव एवं निर्जीव, दिन-रात की प्रक्रिया, ज्ञानेंद्रियां, ओजोन परत, सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन, ट्रैफिक सिग्नल, पौधों के विभिन्न अंग, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे विषयों पर भी मॉडल तैयार कर अपनी समझ का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों के जरिए विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया।विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी अंतर्निहित प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को विकसित करना है।

सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया



वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को मिला प्रोत्साहन

प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन एवं संजीव देवांगन तथा रश्मि वर्मा ने किया। मूल्यांकन के दौरान मॉडलों की वैज्ञानिक अवधारणा, निर्माण में विद्यार्थियों की समझ, प्रस्तुतीकरण की स्पष्टता और व्यावहारिक उपयोगिता को प्रमुख आधार बनाया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता विकसित होती है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल उनकी मेहनत, कल्पनाशीलता और सीखने की लगन को दर्शाते हैं। विज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय उसे दैनिक जीवन से जोड़कर समझना आवश्यक है। सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है।

खबर संक्षेप

आरक्षक भूपेश यादव ने 15वीं बार किया रक्तदान



अर्जुनी। खाकी वर्दी का फर्ज सिर्फ अपराधियों पर कार्यवाही करना और कानून व्यवस्था संभालना ही नहीं बल्कि जरूरत के समय लोगों की जिंदगी बचाने के लिए आगे आना भी है। इसकी मिसाल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय में रीडर के पद पर पदस्थ आरक्षक भूपेश यादव ने पेश की। मरीज को खून की जरूरत की सूचना मिली तो उन्होंने न समय देखा न देरी की तत्काल बलौदाबाजार जिला मुख्यालय स्थित वाजपेई नर्सिंग होम पहुंचकर 15वीं बार रक्तदान किया। अर्जुनी निवासी जीत्तू टाटिया ने आरक्षक भूपेश यादव को फोन कर बताया कि खैरताल के मरीज अंजू को ब्लड की तत्काल जरूरत है। सूचना मिलते ही भूपेश यादव मदद के लिए तैयार हो गए। तत्काल वाजपेई नर्सिंग होम पहुंचे और रक्तदान कर जरूरतमंद की मदद की। उनके इस प्रयास ने एक बार फिर साबित किया कि दूसरों की जिंदगी बचाने का जज्बा ही सच्ची मानव सेवा है। 14वीं बार रक्तदान पर एसपी सम्मानित कर चुके हैं।

राष्ट्रीय कवि संगम का 11वां राष्ट्रीय अधिवेशन



सिमगा। विगत दिनों राष्ट्रीय कवि संगम का 11वां राष्ट्रीय अधिवेशन आबू रोड राजस्थान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राष्ट्र चेतना, साहित्य साधना और संगठन विस्तार के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला अध्यक्ष मनीराम साहू मितान ने बताया कि इस अधिवेशन में देशभर से लगभग 300 कवियों एवं साहित्यकारों ने भाग लिया।अधिवेशन में विभिन्न प्रांतो से आये कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकार, राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय मूल्यों पर अपने संदेश देते हुए अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ भी किया। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय महामंत्री महेश शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रांत अधयक्ष योगेश अग्रवाल, प्रांतीय पदाधिकारी उर्मिला देवी, साखी गोपाल पंडा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी बालमुकुंद श्रीवास, रामकुमार साहू, अंजनी कुमार तिवारी, पंकज गुप्ता, पूर्णिमा तिवारी आदि ने भाग लिया।

कार्यशाला : उन्नत किस्मों और तकनीक के बारे में दी गई जानकारी

ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों की खेती के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिला पंचायत सभागार में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों की खेती विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कृषक उत्पादक संगठन के प्रगतिशील कृषक एवं ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने वाले 200 से अधिक कृषक एवं किसान के उपज को क्रय करने वाले विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि जिले में भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है और ग्रीष्मकालीन धान में पानी की खपत बहुत अधिक होती है, इसलिए शासन द्वारा किसानों को धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यशाला में किसानों को फसल विविधीकरण, ग्रीष्मकालीन धान के बदले अनाज- गेहूं, मक्का, दलहनी फसलें - चना, मसूर, मूंग, उड़द, तिवड़ा, तिलहनी फसलें सरसों, मूंगफली, तिल, कुसुम, सूरजमुखी, अलसी आदि की खेती को बढ़ावा देने उन्नत किस्मों और तकनीक के बारे में जानकारी दी गई।

एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन जिले के समस्त कृषकों को अपने सभी खसरों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है। सभी कृषक सहकारी समिति अथवा च्वाईस सेन्टर के माध्यम से एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करावें, ताकि आगामी माह में धान विक्रय में परेशानी न हो। कृषक उन्नति योजना इस योजना के अंतर्गत कृषकों को धान के बदले अन्य फसलों की खेती पर प्रति एकड़ 15000 रूपये आदान सहायता राशि एवं खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10000 रूपये प्रति एकड़ आदान सहायता राशि सीधे खाते में प्रदाय किया जाएगा। उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु कृषकों को सहकारी समितियों के माध्यम से एकीकृत पोर्टल में फसल का विवरण इन्द्राज कराना होगा। साथ ही गिरदावरी में फसल का विवरण दर्ज होना अनिवार्य है।

कार्यशाला में उप संचालक कृषि दीपक नायक, एसडीओ कृषि जयइन्द्र कंवर, सभी विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, एबीस फुड्स प्राईवेट लिमिटेड से शुभेन्द्र दुबे, यशस्वी एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड एसपी चन्द्राकर एवं कूरो एग्रो ऑर्गेनिक फार्मिंग जोशी, एफपीओ के कृषक सदस्य एवं अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।



ई-टोकन से खाद वितरण

रबी वर्ष 2026-27 में रासायनिक उर्वरकों का वितरण समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों से ई-टोकन के माध्यम से किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया मोबाइल एप फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एफएफएस के माध्यम से किसान अपना किसान आईडी या आधार नम्बर को सत्यापित कराकर पंजीकृत रकबा/खसरा में फसल की जानकारी इंद्राज कर अनुशंसित उर्वरक का क्यूआर आधारित टोकन प्राप्त कर सकते है, जिसकी वैद्यता 2 दिवस रहेगी। संबंधित उर्वरक विक्रय केंद्रों या समिति में टोकन को स्कैन कराकर निर्धारित उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं, इससे उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और वास्तविक किसानों को समय पर खाद मिल सकेगा। समर्थन मूल्य पर खरीदी पीएम आशा योजना अंतर्गत चयनित फसलों जैसे-अरहर, चना, मसूर, सरसों आदि की खरीदी समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से किया जावेगा, जिससे किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त होगा।

पराली जलाना प्रतिबंधित

किसानों को धान फसल काटने के पश्चात शेष पराली (पैरा) को न जलाकर उसका ऊँची प्रबंधन करने हेतु अपील किया गया। कृषक भाई धान कटाई के पश्चात पराली (पैरा) को न जलाकर वेस्ट डिकम्पोजर के उपयोग से खाद बनाकर जैविक खेती कर सकते है। जिले में जल संरक्षण जागरूकता अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से कृषक प्रक्षेत्रों में डबरी, कुआं निर्माण आदि विषयों पर किसानों को जानकारी दी गई।

प्राकृतिक खेती

केन्द्र शासन के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने क उद्देश्य से राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना संचालित की जा रही है, जिसमें किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र आदि का निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारी दिया जा रहा है। जिले के कृषक कम लागत में रसायनमुक्त खेती की ओर अग्रसर है। बीज में आत्मनिर्भर होने तथा अधिक आमदनी प्राप्त करने के उद्देश्य से कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में सम्मिलित होने तथा पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

पालक-शिक्षक की बैठक में घटती दर्ज संख्या पर व्यक्त की चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

विकासखंड बिलाईगढ़ अन्तर्गत शासकीय मिडिल स्कूल गोपालपुर मे प्रबंधन समिति, पालक, शिक्षक के मीटिंग आयोजित किया गया था। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया।जो इस प्रकार है। छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच चर्चा, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए, त्रैमासिक आंकल पर समीक्षा, बाऊण्डीवाल की सफाई पर चर्चा, बोर में मोटर के स्थान पर हैण्ड पंप लगाने के लिए चर्चा की गई। ज्ञात हो कि उक्त स्कूल में दर्ज संख्या कम होने पर दुःख व्यक्त किया गया। क्योंकि पूरा अंचल में निजी स्कूल का भरमार है। समिति के सदस्यों ने शासन प्रशासन से मांग की है शासकीय स्कूलों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने की बात की गई है। यदि शासन समय रहते उचित कदम नहीं उठाते हैं। तो भविष्य में शिक्षक के स्तर गीरने की संभावना है और गरीब व्यक्ति अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाएंगे और शिक्षा से कोसों दूर हो जाएगा।

शौचालय निर्माण का हुआ भूमिपूजन



पलारी। पलारी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोड़ा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को बालिकाओं के लिए सुलभ शौचालय निर्माण लागत 4 लाख 2 हजार के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, सरपंच उषा जागेश्वर धीवर, उप सरपंच नौहर वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, ग्राम पटेल बंगस मनहरे, विकास समिति अध्यक्ष महेश धीवर, पंच चुगु नौरंगे, निर्मला जोशी, मीना साहू, अनूप वर्मा, सोनू सेन, प्रधान पाठक अरुण वर्मा, शिक्षक ललिता पूरन धीवर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

पुलिस ने धरोहरों व सार्वजनिक स्थलों में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिलेभर में विरासत एवं सार्वजनिक स्थल साफ-सफाई अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 12 अक्टूबर को आयोजित इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों सहित जिले के सभी थानों और चौकियों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान के तहत शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान स्थित शहीद स्मारक भवन एवं परिसर में सफाई कर झाड़ियों और कचरे को हटाया गया। पलारी के ऐतिहासिक बालसमुंद मंदिर परिसर तथा आसपास के सार्वजनिक स्थलों की भी सफाई की गई। इसी तरह संत कबीर की पावन भूमि कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में मंदिर परिसर और मेला स्थल पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

आगामी पर्व एवं मेला आयोजनों को ध्यान में रखते हुए परिसर को स्वच्छ बनाने के लिए पुलिस जवानों ने श्रमदान किया। जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में



थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने थाना परिसर, बैरक तथा आसपास के सार्वजनिक मार्गों की सफाई की। अभियान में स्थानीय नागरिकों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई। पुलिस विभाग के अनुसार, अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और समाज में श्रमदान की भावना को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।

हाई स्कूल में गणित प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

शासकीय हाई स्कूल सलिहाघाट में पदस्थ नवाचारी शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने एक और नवाचार करते हुए अपने विद्यालय में एक गणित प्रयोगशाला का निर्माण कर गणित के प्रति रुचि जागृत करने एवं गणित से भय को दूर करने तथा सूत्र को रटने की प्रवृत्ति को दूर करने का मुख्य उद्देश्य से किया है। इस गणित प्रयोगशाला के उद्घाटन में मुख्य अतिथि कृष्णों देवी रेवती चंद्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिलाईगढ़, विशिष्ट अतिथि धीरज सिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष भटगांव, एस एन साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डी पी सोनी विकासखंड श्रोत समन्वयक, आरके भोई सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष सिया राम पटेल तथा सुरेश रघु, तुलसी आदित्य, फूलचंद जायसवाल, उदेश यादव के कर कमलों से संपन्न हुआ।



बच्चों के द्वारा बनाए गए सहायक शिक्षण सामग्री के साथ ज्यामिति बॉक्स के विभिन्न टूल गणित के विभिन्न सूत्र का संकलन करते विभिन्न प्रकार के मॉडल को प्रयोगशाला में रखा गया है एवं कंप्यूटर के माध्यम से कक्षा अनुरूप विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से गणित के सवालों पर अभ्यास कराने के लिए कंप्यूटर का भी उपयोग इस प्रयोगशाला में किया जाएगा। जिसका उपयोग बच्चों के द्वारा करके गणित का अभ्यास करेंगे और गणित के प्रति उनका रुचि जागृत होगा तथा उनका गणित के प्रति भय भी दूर होगा।

कंप्यूटर और टीएलएम से आसान बनेगा गणित

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय विद्यालय में इस प्रकार के गणित प्रयोगशाला का निर्माण होने से विद्यार्थियों को गणित के प्रति भय दूर होगा तथा बच्चे भय से मुक्त होंगे। बच्चों में इसका अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। खेल खेल में गणित सीखने को मिलेगा। हम शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप के इस अभिनव पहल के लिए धन्यवाद देते है। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य रेखा देवांगन, पार्वती देवांगन, कमल देवांगन, कृष्ण लाल चंदा, विजय कश्यप, सीमा शशि ने भी इस प्रयोगशाला के निर्माण के लिए शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष सिया राम पटेल ने कहा कि यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है कि इस प्रकार की गणित प्रयोगशाला बना है जिसका लाभ यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को होगा। इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किए। आईसीटी में नवाचार शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए आज फिर से शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने नया नवाचार करते हुए अपने विद्यालय के साथ ही साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

जिले में पीएलवी के लिए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी से बचाव के लिए मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नालसा की साइबर अपराध पीड़ित सहायता एवं धोखाधड़ी से प्राप्त राशि की वसूली योजना, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा पैरालीगल वालंटियर्स (पीएलवी) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देकर पीड़ितों की सहायता करने के तरीके बताए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीता वार्नर तथा सचिव आलोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में साइबर सेल निरीक्षक प्रणाली वैद्य ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी पुलिस, सीबीआई और अन्य सरकारी एजेंसियों के अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डराते हैं तथा गिरफ्तारी का भय दिखाकर धनराशि की मांग करते हैं। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय सतर्क रहने, गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने और अनजान व्यक्तियों के कहने पर पैसे हस्तांतरित नहीं करने की सलाह दी गई।



डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करें

प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने, ठगी की राशि वापस प्राप्त करने के लिए समय पर कार्रवाई करने तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से शिकायत करने की प्रक्रिया समझाई गई। पीएलवी को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें और पीड़ितों को शिकायत दर्ज कराने, संबंधित विभागों से संपर्क करने तथा पात्रतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने में सहयोग दें। कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराध पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के साथ नागरिकों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

बेलसोंडा में कल से आकर्षक झाँकी: महासमुंद।

ग्राम बेलसोंडा के दुर्गा समिति, बजरंग चौक, ढीमर पारा द्वारा भव्य, मनमोहक और अलौकिक गुफा झांकी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 अक्टूबर से समयः प्रतिदिन रात 8 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। माता रानी के दरबार को एक असली पवित्र गुफा का रूप दिया गया है, अद्भुत रोशनियों के बीच आपको साक्षात माता के पावन स्वरूप के दर्शन का अहसास होगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, अम्बिकापुर, सहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411